आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.03.2025 समय : 1905

- सरकार ने कहा है कि अब तक देशभर में एक हजार सात सौ सैंतीस ग्राम पंचायतों को 'सांसद आदर्श ग्राम योजना' के अंतर्गत विकसित किया गया है।
- दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने कॉलिनपुर ग्राम पंचायत को 'टीबी मुक्त पंचायत' घोषित किया।
- आपदा प्रबंधन निदेशक प्रियंका कुमारी ने श्री विजयपुरम में आपदा तैयारियों और प्रतिक्रिया तंत्र के मूल्यांकन में मॉक ड्रिल के महत्व पर जोर दिया।
- श्री विजयपुरम स्थित कालीकट ग्राम पंचायत में 'एम्पावर क्रिएट सेलिब्रेट' थीम पर दो दिवसीय स्वयं सहायता समूह मेला आयोजित।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि अब तक देशभर में एक हजार सात सौ सैंतीस ग्राम पंचायतों को 'सांसद आदर्श ग्राम योजना' के अंतर्गत विकसित किया गया है। यह योजना अक्टूबर, दो हजार चौदह में शुरू की गई थी। आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछले पांच वर्ष में इस योजना के तहत आठ सौ तीस ग्राम पंचायतों का विकास किया गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने विश्व टीबी दिवस के अवसर पर कॉलिनपुर ग्राम पंचायत को 'टीबी मुक्त पंचायत' घोषित किया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कॉलिनपुर ग्राम पंचायत के उप–प्रधान बाबुल बरोई और समिति सदस्य अनुलेखा बिस्वास को टीबी मुक्त पंचायत प्रमाण–पत्र और महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा देकर सम्मानित किया। यह सम्मान स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य कर्मियों और समुदाय के तपेदिक उन्मूलन में सहयोगात्मक प्रयासों को दर्शाता है, जिससे एक स्वस्थ और टीबी मुक्त वातावरण सुनिश्चित होता है। ज़िला उपायुक्त ने इस उपलब्धि को हासिल करने में पंचायत के प्रयासों की सराहना की।। दक्षिण अण्डमान को टीबी मुक्त बनाने की पहल भारत सरकार के "टीबी मुक्त भारत अभियान" के तहत बड़े राष्ट्रीय मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य दो हजार पच्चीस तक तपेदिक को खत्म करना है। ज़िला उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारियों ने निरंतर निगरानी और सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों की

रूपरेखा तैयार की, जिससे टीबी मुक्त स्थिति को बनाए रखने और क्षेत्र की अन्य पंचायतों में रोकथाम के संदेश को फैलाने में मदद मिली। कॉलिनपुर दक्षिण अंडमान के तहत टीबी मुक्त घोषित होने वाला लगातार तीसरा गाँव है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बाल विवाह, बाल यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के विषय पर एक राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सम्मेलन कक्ष में उनतीस मार्च को सुबह नौ बजे से आयोजित किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार के साथ खास बातचीत में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के रजिस्ट्रार भवानी शंकर शर्मा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में प्रशासन के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार सभी विभागों में तिमाही मॉक ड्रिल के तहत आज गोलघर स्थित आपदा प्रबंधन भवन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। आपदा प्रबंधन निदेशक प्रियंका कुमारी ने मॉक ड्रिल की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

निदेशक ने आपदा तैयारियों और प्रतिक्रिया तंत्र के मूल्यांकन में ड्रिल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने आपातकालीन स्थितियों से निपटने में विभाग की क्षमता बढ़ाने के लिए इस तरह के अभ्यासों में भागीदारी और समन्वय के महत्व पर प्रकाश डाला। डीब्रीफिंग सत्र में जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य सेवा, एन डी आर एफ और बिजली विभाग के पर्यवेक्षकों ने कर्मचारियों और अधिकारियों की भागीदारी की सराहना करते हुए निष्कर्षों और कमियों को साझा किया। घटना कमांडर, सहायक निदेशक जानिक राम ने सभी निष्कर्षों और कमियों की समीक्षा करने और आपदा तैयारी उपायों को और मजबूत करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

कालीकट ग्राम पंचायत में प्रातरापुर पंचायत समिति के सहयोग से 'एम्पावर क्रिएट सेलिब्रेट' थीम पर दो दिवसीय स्वयं सहायता समूह मेला का आयोजन किया गया। मेले में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों, पारंपरिक शिल्प और पाक व्यंजनों को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न प्रकार के स्टॉल शामिल थे। उद्घाटन समारोह में ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्था की निदेशक सपना प्रिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। उन्होंने ऐसे मंचों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के

महत्व पर जोर दिया और ग्रामीण विकास को आगे बढ़ाने में स्वयं सहायता समूहों की क्षमता की सराहना की। ऊर्जा सचिव स्मिता आर. ने समुदाय के समग्र विकास में योगदान देने वाली ऐसी पहलों का समर्थन करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर भी ज़ोर दिया।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के समाज कल्याण निदेशालय में राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी का एक शासी निकाय स्थापित किया जाएगा। समाज कल्याण निदेशालय के अधीन राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी द्वीपसमूह में दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के कार्यों का समन्वय, निगरानी और विकास करने, दत्तक ग्रहण प्रक्रिया पर सूचना और जागरूकता का प्रसार करने के लिए एक इकाई के रूप में कार्य कर रही है। समाज कल्याण विभाग सारा की स्थापना के लिए बाल कल्याण के कार्य में शामिल नागरिकों या प्रतिष्ठित गैर–सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों से आवेदन आमंत्रित करता है, जो कम से कम सात वर्षों से बाल विकास या बाल संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रहे हैं, लेकिन किसी भी बच्चों के संस्थान को नहीं चला रहे हैं या प्रबंधित नहीं कर रहे हैं। उम्मीदवारों से आवेदन विभाग के निदेशक के पास दस दिनों के भीतर डाक, व्यक्तिगत रूप से या ई–मेल के माध्यम से जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><>

तकनीकी शिक्षा बोर्ड, दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार, डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में खाद्य उत्पादन और फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन में ट्रेड डिप्लोमा पाठ्यक्रम की बोर्ड परीक्षा मई–जून के महीने में आयोजित की जाएगी। सभी पात्र उम्मीदवारों से चार से बाईस अप्रैल तक परीक्षा पंजीकरण प्रक्रिया के लिए होटल प्रबंधन विभाग में चार सौ रूपये परीक्षा शुल्क के साथ संपर्क करने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए विभागाध्यक्ष डॉ. दीपांशु से सुबह साढ़े आठ से शाम चार बजे तक सभी कार्य अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में डी सी आर ए, चपरासी, चौकीदार, और स्वीपर के पद पर भर्ती की जाएगी। जिन उम्मीदवारों ने इन पदों के लिए आवेदन किया है, उनसे ई–पोर्टल के माध्यम से कल तक हॉल टिकट डाउनलोड करने को कहा गया है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव ने श्री विजयपुरम स्थित नेताजी स्टेडियम के जलक्रीड़ा परिसर में फिटनेस कम कंडिशनल हॉल में नए कार्डियो उपकरण का उद्घाटन किया। फिटनेस–कम–कंडीशनिंग हॉल पुरूषों के लिए सुबह पांच से सात बजे तक और शाम साढ़े छः से रात नौ बजे तक, महिलाओं के लिए सुबह सात से नौ बजे तक और शाम चार से साढ़े छः बजे तक तथा प्रशिक्षुओं के लिए दोपहर तीन से चार बजे तक, खुला रहेगा।

<><><><><><><>